निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

1 वैशाख 1945 (श0)

(सं0 पटना 343) पटना, शुक्रवार, 21 अप्रील 2023

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

अधिसूचना

21 अप्रील 2023

बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय (वर्ष 2021 का अधिनियम संख्या 20 के द्वारा) विश्वविद्यालय का परिनियम [अधिनियम की धारा 28 एवं 29 (1) के द्वारा]

अध्याय I

सं०–वि०प्रा०(II)नियुक्ति–01/2023–1569—बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय अधिनियम, 2021 (बिहार अधिनियम 20, 2021) की धारा 29 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विश्वविद्यालय की सामान्य परिषद् की अनुशंसा पर बिहार सरकार एतद्द्वारा बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के लिए निम्नवत प्रथम परिनियम बनाती हैः–

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ।–

(1) इस परिनियम को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय का प्रथम परिनियम कहा जा सकेगा।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा।

(3) यह उस तिथि को प्रवृत होगा, जो सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे।

2. परिभाषाएंः–

1. जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो इस प्रथम परिनियम में–

(i) **''अधिनियम''** से अभिप्रेत है बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय अधिनियम, 2021;

(ii) **''अकादमिक परिषद्''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद्;

(iii) **''संबद्ध संस्था''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय द्वारा संबद्ध शिक्षण संस्था;

(iv) **''संबद्धता''** से अभिप्रेत है इस प्रयोजनार्थ बनाए गए परिनियम और विनियमावली के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत की गई संबद्धता;

(v) **''अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्''** (अभातशिप) से अभिप्रेत है अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 का केंद्रीय अधिनियम संख्यांक–52) के अधीन गठित परिषद्;

(vi) **''कुलाधिपति''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय का कुलाधिपति;

(vii) **''मुख्यमंत्री''** से अभिप्रेत है बिहार राज्य का मुख्यमंत्री;

(viii) **''महाविद्यालय''** से अभिप्रेत है महाविद्यालय जो अभियंत्रण और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और योजना में स्नातक या उच्चतर स्तर के डिग्री के लिए पाठ्यक्रमों की शिक्षा दे रहा हो;

(ix) **''वास्तु परिषद्''** (सी.ओ.ए.) से अभिप्रेत है वास्तुविद् अधिनियम, 1972 (1972 का अधिनियम 20) की धारा 3 के अधिन गठित परिषद्;

(x) **''अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और योजना में पाठ्यक्रम''** से अभिप्रेत है अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् और अन्य संबंधित शीर्ष नियामक निकाय द्वारा अनुमोदित अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और योजना में स्नातक या उच्चतर स्तर डिग्री के लिए पाठ्यक्रम;

(xi) **''कर्मचारी''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त कोई व्यक्ति;

(xii) **''कार्यकारिणी परिषद्''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद्;

(xiii) **''वित्त समिति''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय की वित्त समिति;

(xiv) **''सामान्य परिषद्''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय की सामान्य परिषद्;

(xv) **''सरकार''** से अभिप्रेत है बिहार सरकार;

(xvi) **''संस्था''** से अभिप्रेत है शैक्षणिक संस्था या महाविद्यालय जो अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और योजना में स्नातक या उच्चतर स्तर की डिग्री के लिए पाठ्यक्रमों की शिक्षा दे रहा हो;

(xvii) **''प्रबंधन कार्यक्रम''** से अभिप्रेत है अभातशिप (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्) सेअनुमोदित प्रबंधन कार्यक्रम जो संस्था द्वारा संचालित हो;

(xviii) **''कदाचार''** से अभिप्रेत है परिनियम द्वारा विहित कदाचार;

(xix) **''अधिसूचना''** से अभिप्रेत है राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना;

(xx) **''योजना बोर्ड''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय का 'योजना बोर्ड';

(xxi) **''प्राचार्य''** से अभिप्रेत है किसी महाविद्यालय का प्राचार्य और इसमें जहाँ प्राचार्य न हो, वह व्यक्ति जो तत्समय के लिए प्राचार्य के रूप में कार्य करने हेतु सम्यक रूप से नियुक्त किया जाये, सम्मिलित है;

(xxii) **''नामांकन में आरक्षण''** से अभिप्रेत है इस अधिनियम की धारा 8 के तहत परिभाषित नामांकन में आरक्षण;

(xxiii) **''स्क्रीनिंग समिति''** से अभिप्रेत है बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय अधिनियम, 2021 की धारा 11(3) के तहत गठित समिति;

(xxiv) **''स्व–वित्त पोषित संस्था''** से अभिप्रेत है वह संस्था जो न्यास या सोसायटी या कंपनी द्वारा स्थापित स्व–वित्त पोषित हो एवं अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और योजना में स्नातक या उच्चतर स्तर की डिग्री के लिए पाठ्यक्रमों की शिक्षा दे रहा हो;

(xxv) **''परिनियम और विनियमावली''** से क्रमशः अभिप्रेत है विश्वविद्यालय में तत्समय प्रवृत्त परिनियम और विनियमावली;

(xxvi) **''तकनीकी शिक्षा''** से अभिप्रेत है अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा यथापरिभाषित तकनीकी शिक्षा;

(xxvii) **''विश्वविद्यालय''** से अभिप्रेत है बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय अधिनियम, 2021 के तहत स्थापित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय;

(xxviii) **''विश्वविद्यालय अनुदान आयोग''** (यूजीसी) से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय अनुदान आयोगअधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम 3) की धारा–4 के अधीन स्थापित आयोग;

(xxix) **''विश्वविद्यालय समीक्षा आयोग''** से अभिप्रेत है बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय अधिनियम, 2021 की धारा 36 के तहत परिभाषित आयोग;

(xxx) **''कुलपति''** से अभिप्रेत है विश्वविद्यालय का कुलपति;

(xxxi) इसके प्रयुक्त और अपरिभाषित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो उनके लिए क्रमशः अधिनियम में समनुदेशित है।

3. प्राधिकारफ।—विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्राधिकार होंगे, अर्थात्:—

(i) अधिनियम की धारा 20 के अधीन गठित सामान्य परिषद्;

(ii) अधिनियम की धारा 21 के अधीन गठित कार्यकारिणी परिषद्;

(iii) अधिनियम की धारा 22 के अधीन गठित अकादमिक परिषद्;

(iv) अधिनियम की धारा 23 के अधीन गठित योजना बोर्ड;
(v) अधिनियम की धारा 24 के अधीन गठित अध्ययन बोर्ड;
(vi) अधिनियम की धारा 25 के अधीन गठित संबद्धता बोर्ड;
(vii) अधिनियम की धारा 26 के अधीन गठित वित्त समिति;
(viii) अधिनियम की धारा 19 (8) एवं धारा 27 के अधीन गठित परीक्षा बोर्ड।

4. सामान्य परिषद्।—अधिनियम की धारा 20 के अधीन उल्लिखित सामान्य परिषद् के गठन, शक्तियों, कार्यों और बैठकों के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सामान्य परिषद् के पदेन सदस्य—सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

5. कार्यकारिणी परिषद्।—अधिनियम की धारा 21 के अधीन उल्लिखित कार्यकारिणी परिषद् के गठन, शक्तियों, कार्यों और बैठकों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कार्यकारिणी परिषद् के पदेन सदस्य—सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

6. अकादमिक परिषद्।—अधिनियम की धारा 22 के अधीन उल्लिखित अकादमिक परिषद् के गठन, शक्तियों, कार्यों और बैठकों के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, अकादमिक परिषद् के पदेन सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

7. योजना बोर्ड।—अधिनियम की धारा 23 के अधीन उल्लिखित योजना बोर्ड के गठन के अलावा, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार योजना बोर्ड के पदेन सदस्य—सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

8. अध्ययन बोर्ड।—

(क) अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी/वास्तुकला और योजना/प्रबंधन के प्रत्येक कार्यक्रम में एक अध्ययन बोर्ड होगा।

(ख) अध्ययन बोर्ड का गठन और इसके सदस्यों की पदावधि इस प्रकार होगीः—

(i) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)—पदेन अध्यक्ष;
(ii) कुलपति द्वारा नामित संबंधित शाखा के दो विभागाध्यक्ष;
(iii) अकादमिक परिषद् द्वारा नामित किए जाने वाले संबंधित क्षेत्र के दो विशेषज्ञ;
(iv) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित उद्योग से एक विशेषज्ञ;
(v) प्रशिक्षण एवं नियोजन पदाधिकारी— पदेन सदस्य;
(vi) उप/सहायक रजिस्ट्रार— पदेन सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

अध्ययन बोर्ड के पदेन सदस्यों के अलावा अन्य नामित सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

(ग) अध्ययन बोर्ड का कार्य अकादमिक परिषद् के समग्र नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन स्नातक, स्नातकोतर और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए पाठ्य संरचना (एल.टी.पी. और सी.) और पाठ्यक्रम प्रस्तावित करना होगा।

(घ) शिक्षण और अनुसंधान के स्तर में सुधार के लिए उपाय प्रस्तावित करना।

(ङ) अध्ययन बोर्ड के चार सदस्य अध्ययन बोर्ड के बैठक की गणपूर्ति करेंगे।

9. संबद्धता बोर्ड।—संबद्धता बोर्ड विश्वविद्यालय से महाविद्यालय और संस्थाओं को संबद्धता देने लिए उत्तरदायी होगा।

(क) संबद्धता बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगेः—

(i) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)—पदेन अध्यक्ष;
(ii) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार के प्रतिनिधि;
(iii) उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के प्रतिनिधि;
(iv) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार द्वारा नामित दो प्राचार्य/प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर;
(v) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित तकनीकी शिक्षा में शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाला एक व्यक्ति;
(vi) अकादमिक परिषद् द्वारा नामित तकनीकी शिक्षा में शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाला एक व्यक्ति;
(vii) रजिस्ट्रार—पदेन सदस्य—सचिव।

(ख) संबद्धता बोर्ड के सभी सदस्य, पदेन सदस्यों के अलावा, तीन साल की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

(ग) संबद्धता बोर्ड के चार सदस्य संबद्धता बोर्ड की बैठक के लिए गणपूर्ति करेंगे।

(घ) विश्वविद्यालय के विशेषाधिकारों के अधीन महाविद्यालय और संस्थानों को संबद्धता देने के लिए प्रस्तावों का परीक्षण और जांच करने के लिए संबद्धता बोर्ड वर्ष में कम से कम एक बार बैठक करेगा।

(ङ) अधिनियम के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय और संस्थानों को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(च) बोर्ड एक टीम का गठन करेगा जो आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालयों का दौरा करेगी और स्वायत्तता/संबद्धता प्रदान करने के लिए उनके दावे के संबंध में उनकी स्थिति की जांच और

मूल्यांकन करेगी और यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित मानदंड के आलोक में संबद्धता बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(छ) बोर्ड संबद्धता प्राप्त करने हेतु प्राप्त नवीन आवेदन एवं संबद्धता विस्तार हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार एवं अनुशंसा करेगा।

(ज) वित्त समिति की सिफारिश पर कार्यकारिणी परिषद् द्वारा महाविद्यालयों/संस्थानों की संबद्धता के लिए फीस विहित किया जाएगा।

10. वित्त समिति।—

(क) वित्त समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगेः—

(i) कुलपति—अध्यक्ष;

(ii) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार द्वारा नामित दो पदाधिकारी;

(iii) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित किए जाने वाले तीन व्यक्ति, जिनमें से कम से कम एक कार्यकारिणी परिषद् का सदस्य होगा;

(iv) दो व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा उन शिक्षकों में से नामित किया जाएगा जो एसोसिएट प्रोफेसर के पद से अन्यून हो;

(v) रजिस्ट्रार;

(vi) वित्त पदाधिकारी — सदस्य— सचिव।

(ख) वित्त समिति के पांच सदस्य वित्त समिति की बैठक के लिए गणपूर्ति करेंगे।

(ग) पदेन सदस्यों के अलावा वित्त समिति के सभी सदस्य तीन साल की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

(घ) वित्त समिति वित्त को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रश्न पर विश्वविद्यालय को सलाह देगी।

(ङ) वित्त समिति विश्वविद्यालय के आय—व्यय का वार्षिक अनुमान तैयार करेगी।

(च) वित्त समिति विश्वविद्यालय के आय—व्यय के लेखा—जोखा के रख—रखाव के लिए उत्तरदायी होगी।

(छ) वित्त समिति खातों की जांच करने और व्यय के प्रस्तावों की जांच करने के लिए हर साल कमसे कम दो बार बैठक करेगी।

(ज) पदों के सृजन से संबंधित सभी प्रस्तावों और उन मदों को जिन्हें बजट में शामिल नहीं किया गया है, कार्यकारिणी परिषद् द्वारा विचारण से पहले वित्त समिति द्वारा जांच की जाएगी।

(झ) वित्त समिति विश्वविद्यालय की आय और संसाधनों के आधार पर वर्ष के लिए कुल आवर्ती व्यय और कुल गैर—आवर्ती व्यय की सीमा की सिफारिश करेगी।

(ञ) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा समय—समय पर सौंपे गये अन्य वित्तीय प्रकृति के कार्यों का निर्वहन वित्त समिति करेगी ।

11. परीक्षा बोर्डः—

(क) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी) परीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष होंगे और अन्य डीन इसके सदस्य होंगे। परीक्षा नियंत्रक पदेन सदस्य सचिव होंगे।

(ख) परीक्षा बोर्ड परीक्षाओं के संचालन, परीक्षकों की नियुक्ति, प्रश्न पत्रों का निर्धारण, परीक्षा परिणामों की तैयारी और प्रकाशन, अकादमिक परिषद् को ऐसे परीक्षा परिणामों को प्रस्तुत करने और छात्रों की उपलब्धियों के सही मूल्यांकन की प्रक्रिया में सुधार के तरीके के संबंध में सलाह देगा। यदि कोई अनुचित साधन/अनियमितता रिपोर्ट की जाती है तो बोर्ड परीक्षा रद्द करने की भी सलाह देगा यद्यपि, उपरोक्त मामले में अंतिम निर्णय कुलपति का होगा।

(ग) परीक्षा बोर्ड परीक्षकों और प्रश्नपत्र निर्धारकों के लिए फीस, परिलब्धियां, यात्रा और अन्य भत्ते तय करने का प्रस्ताव अकाद्मिक परिषद् को प्रस्तुत करेगा।

(घ) परीक्षा बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आदेश देने के लिए सक्षम होगा यदि वह संतुष्ट हो कि उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से नहीं किया गया है या परिनियमों और विनियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मूल्यांकन किया गया है। यद्यपि, उपरोक्त मामले में कुलपति का निर्णय अंतिम होगा।

(ङ) परीक्षा बोर्ड के तीन सदस्य परीक्षा बोर्ड के बैठक की गणपूर्ति करेंगे।

12. कर्मचारियों का वर्गीकरण।—विश्वविद्यालय के कर्मचारी को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाएगाः—

(i) **प्रशासनिक एवं अन्य कर्मचारीः**— कुलपति, रजिस्ट्रार, वित्त पदाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, सम्पर्क पदाधिकारी, उप रजिस्ट्रार, उप परीक्षा नियंत्रक, सहायक रजिस्ट्रार, सहायक परीक्षा नियंत्रक, प्रशाखा पदाधिकारी, भंडारपाल, सहायक, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्न वर्गीय लिपिक, कुलपति के निजी सहायक और ऐसे अन्य प्रशासनिक और अन्य कर्मचारी जो कार्यकारिणी परिषद् द्वारा समय—समय पर तय किए जाए।

(ii) **तकनीकी कर्मचारी** :– वेब डेवलपर, सिस्टम एनालिस्ट, प्रोग्रामर और ऐसे अन्य तकनीकी पद जो कार्यकारिणी परिषद् द्वारा समय–समय पर तय किए जाए।

13. चयन समितिः–

(क.) तकनीकी पदों के लिए चयन समिति निम्नानुसार होगीः

(1)	डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)	–	अध्यक्ष;
(2)	कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित एक व्यक्ति	–	सदस्य;
(3)	कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय के बाहर का एक विशेषज्ञ		सदस्य;
(4)	राज्य सरकार द्वारा नामित एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधि	–	सदस्य;
(5)	राज्य सरकार द्वारा नामित एक महिला प्रतिनिधि	–	सदस्य;
(6)	रजिस्ट्रार	–	सदस्य सचिव;

(ख.) प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए चयन समिति इस प्रकार होगीः–

(1)	रजिस्ट्रार	–	अध्यक्ष;
(2)	कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय के बाहर से एक विशेषज्ञ	–	सदस्य;
(3)	विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार का एक नामिती		सदस्य;
(4)	राज्य सरकार द्वारा नामित एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधि	–	सदस्य;
(5)	राज्य सरकार द्वारा नामित एक महिला प्रतिनिधि	–	सदस्य;
(6)	उप रजिस्ट्रार/सहायक रजिस्ट्रार	–	सचिव;

(ग) जहां एक पद को अनुबंध के आधार पर या आमंत्रण द्वारा भरा जाना है, कार्यकारिणी परिषद् ऐसी तदर्थ चयन समिति का गठन कर सकती है, जैसा कि प्रत्येक मामले की परिस्थितियों की आवश्यकता हो।

(घ) परिनियमों में किसी बात के होते हुए भी, विश्वविद्यालय के पास आकस्मिक आवश्यकता के अनुरूप विशेष कौशल या ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों की नियुक्ति करने की शक्ति होगी।

(ङ) कर्मचारी चयन समिति/आयोग की सिफारिश पर कर्मचारियों की भर्ती की जा सकेगी।

(च.) यदि पद विज्ञापन द्वारा भरा जाना है, तो रजिस्ट्रार पद के नियमों और शर्तों को विज्ञापित करेगा और स्क्रीनिंग कमिटी पात्र और सबसे वांछनीय उम्मीदवारों को सूचीबद्ध करने के उद्देश्य से विज्ञापन में निर्धारित तिथि के भीतर प्राप्त सभी आवेदनों की संविक्षा करेगी।

(छ) साक्षात्कार के समय चयन समिति साक्षात्कार के लिए बुलाए गए सभी उम्मीदवारों के प्रपत्रों (अर्थात् उत्तीर्ण की गई सभी परीक्षाओं का मूल्यांक, अनुभव, पेपर प्रकाशन, पेटेंट, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार आदि जो भर्ती नियमों द्वारा विहित हैं की जांच करेगी, और पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार के पश्चात सबसे उपयुक्त उम्मीदवार की नियुक्ति के लिए सक्षम प्राधिकार (कार्यकारिणी परिषद्) को अनुशंसा भेजेगी।

(ज) चयन समिति की अनुशंसा सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेंगी और यदि किसी कारणवश अनुशंसा को सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है या उक्त के भीतर अनुशंसा के अनुमोदन के बाद नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जाता है तो एक वर्ष की अवधि के बाद, सिफारिशें समाप्त हो जाएंगी और नया विज्ञापन जारी किया जाएगा।

(झ) तकनीकी पद के साथ–साथ प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए चयन समितियों का न्यूनतम गणपूर्ति चार (04) सदस्यों का होगा। तथापि, राज्य सरकार द्वारा नामित अनुसूचित जाति/जनजाति का प्रतिनिधि अनिवार्य होगा तथा महिला अभ्यर्थियों के मामले में, राज्य सरकार द्वारा नामित महिला प्रतिनिधि की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी।

(ञ) जब तक परिनियमों के तहत अन्यथा प्रदान नहीं किया जाता है, किसी पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा करने के उद्देश्य से गठित चयन समिति उस पद के संबंध में तब तक अपने कार्यों का प्रयोग करती रहेगी जब तक कि उस पद के विरुद्ध नियुक्ति नहीं की जाती है।

(ट) विश्वविद्यालय में की गई सभी नियुक्तियों को कार्यकारिणी परिषद् की अगली बैठक में प्रतिवेदित किया जाएगा।

(ठ) अधिनियम की धारा 10 के अधीन उल्लिखित पदाधिकारियों के अलावा अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की अनुशंसा पर की जाएगी और पदाधिकारी विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक वेतनभोगी पदाधिकारी होंगे या ये पदाधिकारी विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्त किये जा सकेगें ।

(ड) यदि कार्यकारिणी परिषद् चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार करने में असमर्थ है, तो यह इसके कारणों को दर्ज करेगी और मामले को अंतिम आदेश के लिए कुलाधिपति को प्रस्तुत करेगी।

(ढ) यदि कुलपति इस बात से संतुष्ट हैं कि कार्य हित में किसी रिक्ति को भरा जाना आवश्यक है, तो विशुद्ध रूप से अस्थायी आधार पर छह महीने की अधिकतम अवधि के लिए नियुक्ति की जा सकेगी।

(ण) कुलपति द्वारा अस्थायी रिक्ति के विरुद्ध नियुक्त कोई भी शिक्षक या पदाधिकारी छह महीने से अधिक समय तक पद पर नहीं रहेगा जब तक कि उसकी नियुक्ति कार्यकारिणी परिषद् अनुमोदित नहीं करती।

14. विश्वविद्यालय के प्राधिकारों के सदस्यों का यात्रा भत्ता।—विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद् एवं अन्य प्राधिकारों के सदस्य तथा अधिनियम या इन परिनियमों के अधीन गठित या कार्यकारिणी परिषद् एवं अन्य प्राधिकारों द्वारा नियुक्त समिति के सदस्य राज्य सरकार के नियमों एवं विनियमों के अनुसार यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता के हकदार होंगे। हालांकि, प्राधिकारों और उनकी समितियों के बैठकों में भाग लेने के लिए बैठक शुल्क वित्त समिति द्वारा तय किया जाएगा और इसे कार्यकारिणी परिषद् द्वारा समय–समय पर अनुमोदित किया जाएगा।

15. कुलपति।—

(1) कुलपति की परिलब्धियां और अन्य सेवा शर्तें इस प्रकार होगीः—

(i) कुलपति एक पूर्णकालिक पदाधिकारी होगा और उसे राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित दरों पर मकान किराया भता के अलावा अन्य वेतन और भत्तों का भुगतान किया जाएगा और वह पदावधि के दौरान किराया मुक्त, सुसज्जित आवास का हकदार होगा और ऐसे आवास के रखरखाव और सुरक्षा के संबंध में कुलपति पर कोई प्रभार नहीं होगा। अगर कुलपति के रूप में नियुक्त व्यक्ति केंद्र या राज्य सरकार या किसी विश्वविद्यालय या किसी अन्य स्रोत से पेंशन प्राप्त करता है, ऐसे स्रोत से उसे देय पेंशन की राशि कुलपति के रूप में उसके वेतन का हिस्सा मानी जाएगी।

(ii) कुलपति एवं उनके पति/पत्नी तथा आश्रित पुत्र एवं पुत्रियाँ निशुल्क चिकित्सा उपचार के हकदार होंगे तथा विश्वविद्यालय उनके चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति करेगी।

(iii) कुलपति अन्य लाभों और भत्तों के भी हकदार होंगे जैसे कि स्टाफ कार के लिए मुफ्त ईंधन, टेलीफोन, बिजली, समाचार पत्र और पत्रिका इत्यादि के लिए, जिसे कार्यकारिणी परिषद् द्वारा तय किया जायेगा;

परंतु जहां विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे महाविद्यालय या संस्था, या किसी अन्य विश्वविद्यालय या ऐसे अन्य विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे या उसके विशेषाधिकार प्राप्त किसी महाविद्यालय या संस्था के कर्मचारी को कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाता है उसे उसी भविष्य निधि में योगदान करने की अनुमति दी जा सकेगी, जिसका वह सदस्य रहा है, और पिछला नियोक्ता उनके भविष्य निधि खाते की शेष राशि को उसके वर्तमान नियोक्ता/विश्वविद्यालय को स्थानांतरित कर देगा और कुलपति उसी योजना से आच्छादित रहेंगे जिसका वह पूर्व संगठन में सदस्य रहे हों।

(2) कुलपति बिहार सेवा संहिता के अनुसार विभिन्न प्रकार के अवकाश जैसे आकस्मिक अवकाश, चिकित्सा अवकाश, उपार्जित अवकाश, विशेष अवकाश एवं अन्य अवकाश का हकदार होगा।

(3) कुलपति राज्य सरकार द्वारा विहित दर पर जो सचिव स्तर के पदाधिकारी के लिये विहित हो यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता पाने का हकदार होगा।

16. **कुलपति की शक्तियाँ, कर्तव्य और कार्य।**—कुलपति की शक्तियां, कर्तव्य और कार्य अधिनियम की धारा 12 के अधीन होंगी।

17. **कुलपति को हटाना।**—कुलपति को अधिनियम की धारा 13 के अधीन हटाया जाएगा।

18. डीन।— डीन की नियुक्ति कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के अधीन महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के प्राचार्य/प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर के बीच मौजूदा कर्तव्यों के अतिरिक्त प्रभार के आधार पर दो साल की अवधि के लिए की जाएगी।

परंतु यदि कुलपति प्रशासनिक कारणों से या अन्यथा आवश्यक समझे तो वह डीन को उनके मूल पद पर वापस कर सकते हैं और शेष अवधि के लिए किसी अन्य व्यक्ति को डीन पद पर नियुक्त कर सकते हैं।

निम्नलिखित डीन होंगेः

(i) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)

(ii) डीन (छात्र कल्याण)

(iii) डीन (योजना, विकास और औद्योगिक परामर्श)

डीन के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व।– डीन को उनके स्वयं के कार्यों के अतिरिक्त निम्नलिखित कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं।

(i) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी):–

(क) वह बैठकों में भाग लेंगे और अध्ययन बोर्ड, परीक्षा समिति और अन्य संबंधित निकायों के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित करेंगे।

(ख) वह स्नातक अध्ययन, स्नातकोत्तर अध्ययन, शैक्षणिक अनुसंधान और विश्वविद्यालय में उद्यमिता गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समग्र समन्वयक होगा और विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में स्नातक कार्यक्रम और स्नातकोत्तर कार्यक्रम को जीवंत और प्रतिष्ठित किये जाने हेतु इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा सौंपे सभी कर्तव्यों का पालन करेगा।

(ग) वह मौजूदा कार्यक्रमों की निगरानी करेगा और नए स्नातक, स्नातकोत्तर और विश्वविद्यालय के ऐसे अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए प्रस्ताव तैयार करेगा और निर्णय का क्रियान्वयन किया गया है, यह देखने के लिए समग्र समन्वय करेगा।

(घ) वह विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों और डॉक्टरेट के लिए प्रवेश प्रक्रियाओं के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुझानों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार करेगा।

(ङ) वह समय–समय पर स्नातक स्तर, स्नातकोत्तर स्तर पर सिद्धांत और व्यावहारिक परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम में आवश्यक सुधारों का प्रस्ताव विश्वविद्यालय के उपयुक्त पदाधिकारियों के विचार के लिए रखेगा।

(च) वह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर विश्वविद्यालय के स्नातक छात्रों, स्नातकोत्तर छात्रों और डॉक्टरेट छात्रों की विभिन्न शैक्षणिक और सह–पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों का कोष तैयार करने के लिए जिम्मेदार होगा।

(छ) वह विश्वविद्यालय में प्रायोजित अनुसंधान जो देश के तकनीकी विकास के लिए उपयोगी है और गतिविधियों और उद्योगों के साथ संपर्क के लिए समग्र समन्वयक होगा और विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में प्रायोजित अनुसंधान को जीवंत बनाने के लिए कुलपति द्वारा सौंपे गए सभी कर्तव्यों का पालन करेगा।

(ज) वह राष्ट्रीय स्तर की प्रायोजक एजेंसियों, सरकारी के साथ–साथ गैर–सरकारी, अन्य शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ प्रायोजित या सहयोगी अनुसंधान के अवसर की तलाश के लिए संपर्क करेगा और आवश्यक प्रस्ताव तैयार करेगा तथा आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करेगा।

(झ) वह अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की तलाश करेगा और जहाँ भी आवश्यक होगा, सरकारी अनुमोदन प्राप्त करेगा।

(ञ) वह विभिन्न महाविद्यालय में सभी प्रायोजित अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर नोडल समन्वयक होगा और ऐसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

(ट) वह इस संबंध में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की निगरानी करेगा और उनकी प्रगति की निगरानी करेगा और विश्वविद्यालय के उपयुक्त प्राधिकारों को प्रतिवेदित करेगा ।

(ठ) वह विश्वविद्यालय में समग्र अनुसंधान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकारों के लिए भी जिम्मेदार होगा।

(ड) वह ऐसे सभी अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा जो कुलपति द्वारा निर्धारित किए जा सकते है।

(ii) डीन (छात्र कल्याण):–

(क) छात्र कल्याण के डीन छात्रों के कल्याण के सभी पहलुओं के लिए जिम्मेदार होंगे, जैसा कि इस संबंध में कुलाधिपति, कुलपति, कार्यकारिणी परिषद् और विश्वविद्यालय या राज्य या राष्ट्रीय निकाय केकिसी अन्य उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।

(ख) वह छात्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से विभिन्न पाठ्येतर और सह–पाठ्यचर्या संबंधी घटनाओं और गतिविधियों का समन्वय करेगा।

(ग) वह सरकार, छात्रों, पूर्व छात्रों और कार्यकारिणी परिषद् द्वारा स्वीकृत अन्य दाताओं द्वारा छात्रों के कल्याण और गतिविधियों के लिए प्रदान की गई धनराशि से उचित विचार के बाद जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय मदद करने का प्रस्ताव करेगा।

(घ) वह ऐसी सभी बैठकों की अध्यक्षता करेगा या उसमें भाग लेगा जो छात्रों के कल्याण और गतिविधियों से संबंधित है और यह देखेगा कि सभी निर्णय प्रभावी रूप से क्रियान्वित है।

(ड.) वह आरक्षित श्रेणियों के तहत प्रवेशित छात्रों की सहायता करने के उद्देश्य से पुस्तकालयों, उपचारात्मक पाठ्यक्रमों आदि के संचालन के लिए आवश्यक उपाय करेगा।

(च) वह छात्रों के कल्याण की योजनाओं को लगातार तैयार और उन्नत करेगा।

(छ) वह विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की रैगिंग विरोधी एवं महिला उत्पीड़न विरोधी योजनाओं एवं प्रयासों से संबंधित मुख्य समन्वय पदाधिकारी होगा।

(ज) वह शारीरिक शिक्षा, एनसीसी, एनएसएस, या छात्रों से संबंधित किसी भी सुविधाओं/गतिविधियों के अधीक्षण पर सामान्य नियंत्रण रखेगा।

(झ) वह छात्रों के कल्याण और अन्य गतिविधियों से संबंधित बजट आवश्यकताओं को तैयार करेगा और इसे विश्वविद्यालय या महाविद्यालय के वार्षिक बजट में शामिल करने के लिए उपलब्ध करेगा।

(ञ) जब भी आवश्यक हो, वह किसी भी मामले के संबंध में छात्रों के माता–पिता/अभिभावकों के साथ संवाद करेगा।

(ट) वह छात्रों के अनुशासन से संबंधित ऐसी विशेष या स्थायी समितियों की अध्यक्षता करेगा और अनुशासनात्मक आधार पर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई के मामलों में कुलपति को सलाह देगा ।

(ठ) वह ऐसे सभी अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा जो इस संबंध में कुलपति द्वारा निर्धारित किए जा सकते है।

(iii) डीन (योजना, विकास और औद्योगिक परामर्श):–

(क) डीन (योजना, विकास और औद्योगिक परामर्श) विश्वविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों के लिए समग्र समन्वयक होगा और परामर्श कार्य के लिए विश्वविद्यालय में उद्योगों के साथ संपर्क करेगा। वह देश के विकास के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में औद्योगिक परामर्श को एक जीवंत और उपयोगी बनाने के लिए इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा निर्धारित सभी कर्तव्यों का पालन करेगा।

(ख) वह विश्वविद्यालय द्वारा किए जाने वाले परामर्श कार्य के लिए पालन किए जाने वाले परामर्श मानदंडों के लिए एक प्रस्ताव तैयार करेगा।

(ग) वह परामर्श परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करेगा और निर्णयों को लागू करने के लिए समग्र समन्वय करेगा। वह विश्वविद्यालय के उपयुक्त प्राधिकारों को आवधिक प्रगति प्रस्तुत करेगा।

(घ) वह प्रायोजित अनुसंधान के नए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक शोधविंग का आयोजन करेगा। वह इस संबंध में विभिन्न एजेंसियों और निकार्यों के साथ संपर्क करेगा।

(ड) वह विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में पूर्ण किए गए औद्योगिक परामर्श का भंडार तैयार करने के लिए उत्तरदायी होगा और राष्ट्रीय के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सूचना प्रसार के लिए उत्तरदायी होगा।

(च) वह विभिन्न महाविद्यालय में सभी औद्योगिक परामर्श के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर नोडल समन्वयक होगा और ऐसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

(छ) वह ऐसे सभी अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा जो कुलपति द्वारा निर्धारित किए जा सकते हैं।

19. रजिस्ट्रार।–

(क) विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के लिए खोजबीन–सह–चयन समिति इस प्रकार होगी:–

(i)	कुलपति	–	अध्यक्ष
(ii)	कार्यकारिणी परिषद् का एक नामिती	–	सदस्य
(iii)	विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार का एक नामिति	–	सदस्य
(iv)	कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय से बाहर का एक विशेषज्ञ	–	सदस्य

(ख) खोजबीन–सह–चयन समिति रजिस्ट्रार के पद के लिए यूजीसी/अभातशिप के प्रावधानों के अनुसार आवेदन आमंत्रित करेगी और पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार आयोजित करेगी।

(ग) खोजबीन–सह–चयन समिति द्वारा तीन पात्र अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार कर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति को प्रेषित किया जायेगा।

(घ) रजिस्ट्रार विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी पदाधिकारी होगा।

(ड) रजिस्ट्रार 5 साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा और पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

(च) परिलब्धियां वही होंगी जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अनुमोदित की जाएंगी और रजिस्ट्रार की सेवा के अन्य नियम और शर्तें ऐसी होंगी जो समय–समय पर कार्यकारिणी परिषद् द्वारा निर्धारित की जाएगीं, परंतु रजिस्ट्रार राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा।

(छ) अधिनियम या परिनियम में निहित किसी भी बात के बावजूद, कार्यकारिणी परिषद् केंद्र या राज्य सरकार के एक पदाधिकारी को ऐसे नियमों और शर्तों पर रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त कर सकती है, जो राज्य सरकार के परामर्श से कार्यकारिणी परिषद् द्वारा निर्धारित की जा सकती है।

(ज) जब रजिस्ट्रार का कार्यालय रिक्त हो या जब रजिस्ट्रार बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्यकारण से अपने कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो, तो कार्यालय के कर्तव्यों का पालन रजिस्ट्रार के रूप में ऐसे पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा जिसे इस उद्देश्य के लिए कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाए।

(झ) (i) रजिस्ट्रार के पास शिक्षकों और पदाधिकारियों को छोड़कर ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और कर्मचारियों को निलंबित करने और आरोपों की जाँच शुरू करने और इस परिनियम में प्रावधानित शास्ति अधिरोपित करने की शक्ति होगी।

परंतु ऐसा कोई शास्ति तब तक नहीं लगाया जाएगा जब तक कि व्यक्ति को उसके संबंध में की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ कारण बताने का उचित अवसर नहीं दिया गया हो।

(ii) परिनियम में विनिर्दिष्ट किसी भी शास्ति को लगाने के रजिस्ट्रार के किसी आदेश के विरुद्ध कुलपति को अपील की जा सकेगी।

(iii) ऐसे मामले में जहां जांच से पता चलता है कि रजिस्ट्रार की शक्ति से परे शास्ति अधिरोपित किया गया है, रजिस्ट्रार जांच के निष्कर्ष पर जैसा कि विनियमावली में प्रदान किया गया है, अपनी सिफारिशों के साथ कुलपति को प्रतिवेदन देगा। परन्तु कुलपति द्वारा कोई शास्ति अधिरोपित करने के आदेश के विरुद्ध साठ दिन की अवधि के भीतर कुलाधिपति को अपील की जा सकेगी।

(ञ) रजिस्ट्रार के कर्तव्यः–

(i) अभिलेखों, सामान्य मुहर और विश्वविद्यालय की ऐसी अन्य संपति का अभिरक्षक होगा जिसे कार्यकारिणी परिषद् उसके प्रभार में सौंपेगी;

(ii) सामान्य परिषद्, कार्यकारिणी परिषद्, अकादमिक परिषद् और इन प्राधिकारों द्वारा नियुक्त किसी समिति की बैठक बुलाने के लिए सभी सूचना जारी करना;

(iii) सामान्य परिषद्, कार्यकारिणी परिषद्, अकादमिक परिषद् और इन प्राधिकरणों द्वारा नियुक्त किसी भी समिति की सभी बैठकों का कार्यवृत रखना;

(iv) सामान्य परिषद्, कार्यकारिणी परिषद् और अकादमिक परिषद् और अन्य वैधानिक समितियों का आधिकारिक पत्राचार करना;

(v) सामान्य परिषद् एवं कार्यकारिणी परिषद् की बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ जारी होते ही तथा ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त कुलाधिपति को उपलब्ध करना;

(vi) विश्वविद्यालय द्वारा या उसके खिलाफ मुकदमे या कार्यवाही में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए, पॉवर ऑफ एटॉर्नी पर हस्ताक्षर करने और प्लीडिंग को सत्यापित करने या इस उद्देश्य के लिए प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त करने; और

(vii) वह ऐसे सभी अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा जो कुलपति द्वारा निर्धारित किए जायेंगे।

20. वित्त पदाधिकारी।–

(क) वित्त पदाधिकारी की नियुक्ति कार्यकारिणी परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय की चयन समिति की सिफारिश पर की जायेगी। हालांकि, बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा के सदस्य की सेवाएं भी प्रतिनियुक्ति पर ली जा सकेगी। विश्वविद्यालय संविदा पर कार्यालय महालेखाकार एवं बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारी को भी नियुक्त कर सकेगा।

(ख) वित्त पदाधिकारी की नियुक्ति 5 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी और वह पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आयु पर सेवानिवृत्त होगा। सेवानिवृत कर्मचारी के मामले में,इसे राज्य सरकार के प्रावधान के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

(ग) परिलब्धियां वही होंगी जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अनुमोदित की जाएंगी और वित्त पदाधिकारी की सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें ऐसी होंगी जो समय–समय पर कार्यकारिणी परिषद् द्वारा निर्धारित की जा सकती हैं।

(घ) जब वित्त पदाधिकारी का कार्यालय रिक्त हो या जब वित्त पदाधिकारी बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो, तो कार्यालय के कर्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे कुलपति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करेंगे।

(ड.) वित्त पदाधिकारी वित्त समिति का पदेन सदस्य सचिव होगा।

(च) वित्तीय आशय वाले सभी प्रस्तावों में वित्त पदाधिकारी की सलाह प्राप्त की जाएगी।

(छ) वित्त पदाधिकारी–

(i) विश्वविद्यालय की निधियों पर सामान्य पर्यवेक्षण करेगा और इसकी वित्तीय नीति के संबंधमें सलाह देगा, और

(ii) ऐसे अन्य कार्य करेगा जो कार्यकारिणी परिषद् द्वारा सौंपे जायें या परिनियम या विनियमों द्वारा निर्धारित किए जायें।

(iii) ऐसे अन्य सभी कर्तव्यों का पालन करेगा जो कुलपति द्वारा विहित किए जायें।

(ज) कार्यकारिणी परिषद् के नियंत्रण के अधीन, वित्त पदाधिकारी –

(i) संस्थागत और विन्यास सम्पति सहित विश्वविद्यालय के सम्पति और निवेशों को धारित और प्रबंधित करेगा;

(ii) सुनिश्चित करेगा कि एक वित्तीय वर्ष के लिए आवर्ती और गैर–आवर्ती व्यय के लिए कार्यकारिणी परिषद् द्वारा निर्धारित सीमाएं पार नहीं करे और सभी धन उसी उद्देश्य पर खर्च किए जायें हैं जिसके लिए उन्हें प्रदान या आवंटित किया गया हो;

(iii) जिम्मेवार होगा

(1) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखा और बजट तैयार करना,

(2) खातों का रखरखाव,

(3) समय–समय पर खातों की लेखापरीक्षा,

(4) लेखापरीक्षा आपति का अनुपालन,

(5) राज्य सरकार या यूजीसी /एआईसीटीई से समय पर अनुदान प्राप्त करना और उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करना,

(iv) नकदी और बैंक शेष की स्थिति और निवेश की स्थिति पर प्रमाणपत्रों की निरंतर निगरानी रखेगा

(v) राजस्व संग्रह की प्रगति के तरीकों को देखेगा और नियोजित संग्रह पर सलाह देगा;

(vi) यह सुनिश्चित करेगा कि भवनों, भूमि, फर्नीचर और उपकरणों के रजिस्टर अद्यतन हैं औरसभी कार्यालयों, विभागों, केंद्रों और विशेष प्रयोगशालाओं में उपकरणों और अन्य उपभोज्य सामग्रियों के स्टॉक की जाँच की जाती है;

(vii) अनाधिकृत व्यय और अन्य वित्तीय अनियमितताओं को कुलपति के संज्ञान में लाना और दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का सुझाव देना; और

(viii) विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे किसी भी कार्यालय, विभाग, केंद्र, प्रयोगशाला, महाविद्यालय या संस्था से कोई भी जानकारी या विवरणी मांगना जो उसके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हो ।

(झ) विश्वविद्यालय को देय धन के लिए वित्त पदाधिकारी या कार्यकारिणी परिषद् द्वारा विधिवत रूप से अधिकृत व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा दिए गए किसी भी रसीद को ऐसे धन के भुगतान के लिए पर्याप्त माना जाएगा।

21. परीक्षा नियंत्रकः–

(क) कुलपति विश्वविद्यालय से संबद्ध सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय से योग्य शिक्षकों के तीन नामों का पैनल तैयार करेगा और उन्हें विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार को भेजेगा।

(ख) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी पदाधिकारी होगा।

(ग) वह 3 साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा और पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

(घ) परीक्षा नियंत्रक की परिलब्धियां वही होगी जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अनुमोदित की जाएगी और सेवा की अन्य नियम और शर्तें वही होगी जो कार्यकारिणी परिषद् द्वारा विहित की जाएगी।

(ड) विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा आयोजित करने में परीक्षा नियंत्रक को उप परीक्षा नियंत्रक और सहायक परीक्षा नियंत्रक द्वारा सहायता प्रदान की जाएगीः परंतु परीक्षा नियंत्रक सरकार द्वारा निर्धारित आयु प्राप्त करनेपर सेवानिवृत्त हो जाएगा।

(घ) जब परीक्षा नियंत्रक का कार्यालय रिक्त हो या जब परीक्षा नियंत्रक बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो, तो कार्यालय के कर्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे कुलपति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करे।

(छ) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं की व्यवस्था और पर्यवेक्षण परिनियम या विनियमावली द्वारा निर्धारित तरीके से करेगा और निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षाओं के संचालन के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।

(ज) ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करना जो कुलपति द्वारा विहित किए जाये।

22. विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारीः–

(क) अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (7) के प्रावधान के अधीन, अधिनियम की धारा 10 में वर्णित पदाधिकारियों के अतिरिक्त निम्नलिखित भी विश्वविद्यालय के पदाधिकारी होंगेः–

(i) उप रजिस्ट्रार
(ii) बजट और लेखा पदाधिकारी
(iii) उप परीक्षा नियंत्रक
(iv) सहायक रजिस्ट्रार
(v) सहायक परीक्षा नियंत्रक
(vi) सम्पर्क पदाधिकारी
(vii) प्रशिक्षण एवं नियोजन पदाधिकारी

नोटः–1. उपर्युक्त पदाधिकारियों के पदों के लिए योग्यता और अनुभव यूजीसी/अभातशिप के मानदंडों के अनुसार होगी।

2. उपर्युक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कार्यकारिणी परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय की चयन समिति की अनुशंसा पर की जायेगी, हालांकि उन्हे दो साल के लिय प्रतिनियुक्ति पर भी लिया जा सकेगा।

23. अन्य समितियाँः–

(क) विश्वविद्यालय का कोई प्राधिकरण उतनी स्थायी समितियाँ नियुक्त कर सकता है जितनी यह उचित समझे, और ऐसी समितियों में ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त कर सकेगा जो उस प्राधिकरण के सदस्य न हों।

(ख) उपरोक्त उप–धारा (क) के तहत नियुक्त एक समिति इसे सौंपे गए किसी भी विषय से निपट सकेगी, जो इसे नियुक्त करने वाले प्राधिकार द्वारा बाद की पुष्टि के अधीन हो।

विश्वविद्यालय में निम्नलिखित स्थायी समितियाँ होगीः–

(i) नई शिक्षण कार्यक्रम समिति
(ii) पद सृजन, समायोजन एवं सम्पुष्टि समिति (शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के लिए)
(iii) समतुल्यता समिति
(iv) परिनियम समिति
(v) क्रय और विक्रय समिति
(vi) अनुशासन समिति
(vii) प्रवेश समिति
(viii) छात्र अनुशासन समिति
(ix) अकादमिक कैलेंडर समिति
(x) सांस्कृतिक गतिविधियाँ समिति

समिति की संरचना, शक्तियां और कार्य निम्नलिखित होंगेः–

(ग) नई शिक्षण कार्यक्रम समिति।–समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः

(i) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)– पदेन अध्यक्ष
(ii) डीन योजना, विकास और औद्योगिक परामर्श
(iii) कार्यकारिणी परिषद् के दो प्रतिनिधि
(iv) अकादमिक परिषद् के दो प्रतिनिधि
(v) विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार– पदेन सदस्य– सचिव

समिति की शक्तियां और कार्य निम्नलिखित होंगेः–

1) महाविद्यालय में नई शिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु प्राप्त आवेदनों की जाँच करना एवं उसकी अनुशंसा करना।

2) उपरोक्त उद्देश्यों के लिए महाविद्यालयों और विभागों के निरीक्षण हेतु निरीक्षकों के नामों की अनुशंसा करना ।

(घ) पद सृजन, समायोजन और सम्पुष्टि समिति।–समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः–

(i) कुलपति– अध्यक्ष

(ii) कुलपति द्वारा नामित एक सदस्य

(iii) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित किए जाने वाले दो सदस्य

(iv) रजिस्ट्रार– सदस्य– सचिव

समिति की शक्तियां और कार्य निम्नलिखित होंगेः

(1) शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता पर विचार करना तथा उसकी अनुशंसा करना ।

(2) विश्वविद्यालय की स्थायी सेवा में समायोजन हेतु अस्थाई शिक्षकों एवं पदाधिकारियों (विशुद्ध रूप से अस्थाई प्राध्यापकों को छोड़कर) के समायोजन के प्रकरणों पर विचार करना एवं इसकी अनुशंसा करना ।

(3) शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के प्रकरणों पर विचार करना एवं उनकी सम्पुष्टि हेतु अनुशंसा करना।

(ङ) पदोन्नति समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः–

(i) कुलपति– अध्यक्ष

(ii) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित किए जाने वाले दो सदस्य

(iii) योजना, विकास और औद्योगिक परामर्श के डीन

(iv) रजिस्ट्रार– सदस्य– सचिव

समिति मामलों पर विचार करेगी और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और अन्य गैर–शिक्षण कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए अपनी अनुशंसा करेगी।

(च) समतुल्यता समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः–

(i) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)–पदेन अध्यक्ष

(ii) कुलपति द्वारा नामित किए जाने वाले दो प्राचार्य

(iii) परीक्षा नियंत्रक

(iv) रजिस्ट्रार– पदेन सदस्य– सचिव

समिति अन्य विश्वविद्यालयों/स्वायत्त संस्थानों द्वारा आयोजित परीक्षाओं को समकक्षता देने के मामलों की जांच करेगी और अकादमिक परिषद् के विचार के लिए अपनी अनुशंसा करेगी।

(छ) परिनियम समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः

(i) कुलपति – अध्यक्ष

(ii) कुलपति द्वारा नामित दो सदस्य

(iii) कुलपति द्वारा नामित तीन शिक्षक

(iv) विधिक सलाहकार

(v) रजिस्ट्रार– सदस्य– सचिव

समिति विश्वविद्यालय के प्रारूप परिनियम, विनियमावली और नियमावली और उससे संबंधित संशोधन तैयार करेगी, विश्वविद्यालय के विधियों वाले विश्वविद्यालय कैलेंडर के मुद्रण के लिए कदम उठाएगी और विश्वविद्यालय के परिनियम, विनियम और नियमावली में संशोधन परविचार और इसकी अनुशंसा करेगी।

(ज) क्रय और बिक्री समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे–

(i) रजिस्ट्रार– अध्यक्ष

(ii) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित दो सदस्य

(iii) कुलपति द्वारा नामित एक सदस्य

(iv) वित्त पदाधिकारी –सदस्य– सचिव।

समिति परीक्षा भंडार सहित विश्वविद्यालय के भंडार की वार्षिक आवश्यकताओं पर विचार करेगी, निविदाओं को खोलेगी और उसपर विचार करेगी और समय–समय पर की जाने वाली खरीद के लिए अपनी अनुशंसा करेगी।

समिति नीलामी का संचालन करेगी और बिक्री योग्य वस्तुओं के विक्रय की व्यवस्था करेगी या विश्वविद्यालय सम्पति भूमि, बाग आदि की बन्दोबस्ती करेगी ।

(झ) विश्वविद्यालय के शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों हेतु अनुशासन समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः

(i) कुलपति– अध्यक्ष
(ii) कार्यकारिणी परिषद् द्वारा नामित एक सदस्य
(iii) कुलपति द्वारा नामित एक सदस्य
(iv) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)
(v) डीन (छात्र कल्याण)
(vi) रजिस्ट्रार– सचिव

समिति विश्वविद्यालय के शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों की ओर से अनुशासनहीनता के सभी मामलों पर विचार करेगी और संबंधित प्राधिकार को निर्णय के लिए अनुशंसा करेगी।

(ञ) प्रवेश समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः –

(i) कुलपति– अध्यक्ष
(ii) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)
(iii) डीन (छात्र कल्याण)
(iv) कुलपति द्वारा नामित महाविद्यालयों के दो प्राचार्य
(v) कुलपति द्वारा नामित किए जाने वाले दो प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर
(vi) रजिस्ट्रार– सदस्य– सचिव

समिति विश्वविद्यालय के विभागों एवं महाविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश के प्रकरणों पर विचार करेगी, प्रवेश नियमों में संशोधन पर विचार करेगी तथा सामान्य एवं आरक्षित सीटों पर नियमानुसार प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठायेगी।

(ट) छात्र अनुशासन समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः

(i) डीन (छात्र कल्याण)– पदेन अध्यक्ष
(ii) संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य
(iii) कुलपति द्वारा नामित दो प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर
(iv) उप रजिस्ट्रार /सहायक रजिस्ट्रार– पदेन सचिव

समिति छात्रों की ओर से अनुशासनहीनता के सभी मामलों की जांच करेगी और उन पर विचार करेगी और अपनी अनुशंसा करेगी।

(ठ) शैक्षणिक कैलेंडर समिति।– समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे–

(i) डीन (छात्र कल्याण)– पदेन अध्यक्ष
(ii) डीन (अभियंत्रण एवं तकनीकी)
(iii) डीन योजना, विकास और औद्योगिक परामर्श
(iv) कुलपति द्वारा नामित दो प्राचार्य
(v) कुलपति द्वारा नामित किए जाने वाले दो प्रोफेसर/ एसोसिएट प्रोफेसर
(vi) परीक्षा नियंत्रक– पदेन सदस्य– सचिव

समिति अगले शैक्षणिक सत्र में प्रवेश पाने वाले छात्रों के संबंध में पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के लिए प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करेगी। शैक्षणिक कैलेंडर में शिक्षण शुरू करने की तिथि, प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के प्रत्येक क्षेत्र में शामिल किए जाने वाले पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालय परीक्षाओं की तिथियां शामिल होगी।

पदेन सदस्यों के अलावा समिति की सदस्यता की अवधि उनके नामांकन की तिथि से दो वर्ष होगी, परंतु किसी के प्राधिकार के प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत सदस्य के बारे में यह समझा जाएगा कि वह प्राधिकार का सदस्य नहीं रहने की तिथि से पद रिक्त कर रहा है।

अध्याय II
बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय से संबद्धता

1. उद्देश्य।—परिनियम प्रदान करता है

क. विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अधिकारिता क्षेत्र में आने वाले व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना या महाविद्यालयों और संस्थानों को संबद्धता प्रदान करना।

ख. नए कार्यक्रम को जोड़ना या प्रवेश में वृद्धि।

ग. संबद्धता वापस लेना या प्रवेश में कमी।

2. प्रयोज्यता।—विश्वविद्यालय अधिनियम में निहित प्रावधानों के अधीन परिनियम लागू होंगे

क. राज्य सरकार द्वारा स्थापित महाविद्यालयों और संस्थानों या राज्य के किसी भी मौजूदा विश्वविद्यालय के घटक या भविष्य में स्थापित होने वाले पेशेवर शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान,

ख. राज्य के मौजूदा पेशेवर महाविद्यालय और संस्था जो विधिवत पंजीकृत संस्था या समिति द्वारा स्थापित स्व–वित्त पोषित महाविद्यालय/संस्था के रूप में हो, परंतु वे इस विश्वविद्यालय से संबद्धता का विकल्प चुनते हैं और राज्य के अन्य विश्वविद्यालय से अलग हो जाते हैंजिससे वे पहले संबद्ध थे।

2.1. मौजूदा सरकारी महाविद्यालय।—एक या एक से अधिक विधाओं में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सरकारी महाविद्यालय उस तिथि से विश्वविद्यालय से संबद्ध हो जाएंगे, जैसा कि राज्य सरकार तय करे और इसे आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित करे और उसके बाद ऐसे महाविद्यालयों और संस्थानों को राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ मौजूदा संबद्धता समाप्त हो जाएगी।

2.2. स्व–वित्त पोषित महाविद्यालय और संस्था।—स्व–वित्त पोषित आधार पर विधिवत पंजीकृत सोसायटी या न्यास द्वारा स्थापित मौजूदा महाविद्यालय और संस्था और पहले से ही राज्य के किसी अन्य विश्वविद्यालय से संबद्ध इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हो सकेंगे यदि ऐसा महाविद्यालय या संस्था संबद्धता के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें और अधिनियम, परिनियम और विनियमावली में निहित सभी आवश्यकताओं को पूरा करें पूर्व के विश्वविद्यालय से उनकी संबद्धता उस तिथि से समाप्त हो जाएगी जिस तिथि से वे इस विश्वविद्यालय से संबद्ध होंगे।

2.3. नए पेशेवर महाविद्यालय/संस्थान।—सरकार द्वारा भविष्य में स्थापित किए जाने वाले या विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर स्व–वित्त पोषित आधार पर सोसायटी/न्यास द्वारा स्थापित किए जाने वाले सभी पेशेवर महाविद्यालय और संस्थानों को इसके कार्यात्मक होने के बाद इस विश्वविद्यालय से संबद्ध होना आवश्यक होगा।

3. पात्रता मानदंड।—विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले महाविद्यालयों और संस्थानों को विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान के रूप में प्रवेश दिया जा सकेगा यदि वे विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय/संस्थान के निरीक्षण के समय निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करे।

क. महाविद्यालय या संस्थान के पास अनुमोदन हो या संबंधित केंद्रीय परिषद्/बोर्ड/अभातशिप/वास्तु परिषद् से अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हो।

ख. राज्य सरकार से आवश्यक अनापति प्रमाण पत्र।

ग. कम से कम इतनी भूमि का निर्विवाद स्वामित्व और कब्जा या लम्बी अवधि का (लीज) पट्टा (30 वर्ष या उससे अधिक) जो संबंधित केंद्रीय परिषद् बोर्ड/अभातशिप/वास्तु परिषद् के मानदंडों के तहत आवश्यक हो।

परंतु महाविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम किसी भी संबंधित केंद्रीय परिषद्/बोर्ड के दायरे में नहीं आते हैं, लेकिन महाविद्यालय भवन, छात्रावास, क्वार्टर, खेल का मैदान आदि के लिए कम से कम 5 एकड़ अविवादित भूमि, यदि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है अथवा नगरीय क्षेत्र में 2.5 एकड़ दो से अधिक भूखंडों में न हो पात्र होंगे।

हालांकि, भूमि के क्षेत्र पर प्रतिबंध विशेष परिस्थितियों में विश्वविद्यालय की सामान्य परिषद् द्वारा शिथिल किया जा सकता है जो केवल विचाराधीन संस्था पर लागू होगा।

घ. छात्र और छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावासों, व्याख्यान कक्षों, सेमिनार, ट्यूटोरियल, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, प्रशासनिक ब्लॉक आदि के लिए निर्मित क्षेत्र के संदर्भ में बुनियादी ढाँचा संबंधी आवश्यकताएं संबंधित केंद्रीय परिषद्/एआईसीटीई के मानदंडों के अनुसार हो ।

ड. बिजली, वेंटिलेशन, छात्र और छात्राओं के लिए अलग–अलग शौचालय आदि जैसी आवश्यक चीजों के लिए राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप पर्याप्त नागरिक सुविधाएं हो।

च. सभी भवनों तक आसानी से पहुँचा जा सके और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के अनुकूल हो ।

छ. एक पुस्तकालय जिसमे कम से कम 1000 पुस्तकें या पाठ संदर्भ पुस्तकों और पत्रिकाओं सहित प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुरूप प्रत्येक पाठ्यक्रम विषय पर 10 शीर्षक हो और समय–समय पर निर्दिष्ट अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पिछडा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग और अन्य श्रेणियों से संबंधित छात्र के लिए एक बुक बैंक सुविधा हो।

